भोलेनाथ मेरे मरने से पहले ऐसी चिलम पिला देना लिरिक्स

भोलेनाथ मेरे मरने से पहले,
ऐसी चिलम पिला देना,
पी कर सीधा स्वर्ग में पहुंचूं,
ऐसी दम लगवा देना,
भोलेनाथ मेरे मरने से पहलें।bd।

तर्ज – यार मेरे मेरे मरने से पहले।

खोटे काम अगर गलती से,
हो गए होंगे जीवन में,
जाने अनजाने में अगर कुछ,
पाप उठे होंगे मन में,
पाप ये कोई देख ना पाए,
पाप ये कोई देख ना पाए,
मुंह पर कफ़न ओढ़ा देना,
भोलेनाथ मेरे मरने से पहलें।bd।

घर से जब शमशान घाट तक,
अर्थी लेकर लोग चले,
दो हंडी में औघड़दानी,
सत्कर्मो की आग जले,
मिट जाए हर एक बुराई,
मिट जाए हर एक बुराई,
ऐसा धुआँ उठा देना,
भोलेनाथ मेरे मरने से पहलें।bd।

चन्दन की लकड़ी चाहे,
मेरी चिता सजाओ ना,
भव सागर से तर जाएंगे,
गंगा जल भी पिलाओ ना,
हे महाकाल चिता पर मेरी,
हे महाकाल चिता पर मेरी,
अपनी भस्म ओढ़ा देना,
भोलेनाथ मेरे मरने से पहलें।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुक्ति की वो चिलम हो भोले,
मोह माया का गांजा हो,
जिसके धुंए से लोभी मन को,
हमने बढ़िया मांजा हो,
परम धन्य हो जाऊं निरंजन,
परम धन्य हो जाऊं निरंजन,
ऐसी कृपा बरसा देना,
Bhajan Diary Lyrics,
भोलेनाथ मेरे मरने से पहलें।bd।

भोलेनाथ मेरे मरने से पहले,
ऐसी चिलम पिला देना,
पी कर सीधा स्वर्ग में पहुंचूं,
ऐसी दम लगवा देना,
भोलेनाथ मेरे मरने से पहलें।bd।

Singer – Shahnaz Akhtar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com